# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

**(केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय)**

**बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016**

क्रमांक : एफ-3(38)/लाबशारासंविवि/शै./2021-22/ दिनांक 25 सितम्बर,2021

## अधिसूचना

**विषय : शैक्षणिक-सत्र 2021-22 के विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मौखिक साक्षात्कार ऑनलाइन माध्यम के द्वारा आयोजित करने के संबंध में**

विद्यावारिधि पाठ्यक्रम (शैक्षणिक-सत्र 2021-22) में पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 14 अगस्त,2021 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा जे.आर.एफ. अभ्यर्थियों को प्रवेशार्थ विषयवार वर्णात्मक लिखित परीक्षा (40 अंक) का आयोजन दिनांक 25 सितम्बर,2021 को (प्रात: 11:00 बजे से दोपहर:12:30 तक ऑफलाइन के माध्यम से) किया गया। तत् पश्चात् विद्यावारिधि शैक्षणिक-सत्र 2021-22 के लिए आयोजित लिखित वस्तुनिष्ठ एवं विषयवार वर्णात्मक लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का मौखिक साक्षात्कार (10 अंक) दिनांक 28 सितम्बर,2021 को ऑनलाइन के माध्यम से संबंधित विषय के पीठ/विभाग के विशेषज्ञों की समिति द्वारा किया जायेगा। संबंधित विभाग हेतु समिति के सदस्यों का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संबंधित पीठ-प्रमुख (मुख्य मार्गदर्शक) | अध्यक्ष |
| 2. | संबंधित विभागाध्यक्ष (मुख्य साक्षात्कर्त्ता) | सदस्य |
| 3. | विभागाध्यक्ष (शोधविभाग) | सदस्य |
| 4. | संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा मनोनीत विभागीय एक अध्यापक | सदस्य |
| 5. | शैक्षणिक विभाग द्वारा प्रत्येक साक्षात्कार समिति की सहायता की जायेंगी। | |

**नोट : उपर्युक्त समिति के सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से ऑफलाइन के माध्यम से साक्षात्कार प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु विश्वविद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।**

विश्वविद्यालय द्वारा विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता/प्रवेश प्रक्रिया को संज्ञान में लेते हुए प्रत्येक विषय के अभ्यर्थियों की साक्षात्कार समिति द्वारा समय-सारिणी के अनुसार पूर्ण की जायेंगी।

**साक्षात्कार हेतु निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा :-**

1. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु ऑनलाइन जुड़ने के लिए लैपटॉप/मोबाइल एवं इंटरनेट की व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु समय-सारिणी के अनुसार निर्धारित समय पर गूगलमीट लिंक विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों के व्हाट्सप मोबाइल नम्बर पर प्रेषित किया जायेगा।
3. अभ्यर्थियों को लिंक प्राप्त होने पर ही अपने समय के अनुसार साक्षात्कार हेतु ज्वाइन करना अनिवार्य होगा तथा ज्वाइन करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर अभ्यर्थियों को थोड़ी देर प्रतीक्षा भी करनी पड़ सकती है।
4. साक्षात्कार समिति द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थियों से लगभग 10 मिनट का साक्षात्कार निर्धारित है।
5. समय-सारिणी के अनुसार अभ्यर्थियों के अनुपस्थित रहने पर निर्धारित समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है।
6. प्रत्येक पीठ के संबंधित विभागों की समय-सारिणी पृथक् से संलग्न है।

कृ.पृ.उ.

Aur

उपर्युक्त विवरणानुसार संबंधित पीठ-प्रमुख/विभागाध्यक्षों महानुभावों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28 सितम्बर,2021 को विद्यावारिधि शैक्षणिक-सत्र 2021-22 में प्रवेशार्थ अभ्यर्थियों का ऑनलाइन के माध्यम से साक्षात्कार लेने हेतु अपने विभागीय अध्यापकों की समिति गठित कर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

यह अधिसूचना सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार निर्गत की जा रही है।

( सुच्चा सिंह )
सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

1. समस्त पीठ-प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. विशेष कार्याधिकारी ( परीक्षा)
3. उप-कुलसचिव ( शैक्षणिक एवं परीक्षा)
4. अधिशासी अभियंता
5. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि वे उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालयीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. सहायक कुलसचिव प्रशासन-I एवं नोडल अधिकारी लिखित प्रवेश परीक्षा-2021
7. कुलपति के निजी सचिव
8. कुलसचिव/वित्ताधिकारी के निजी सचिव
9. प्रभारी अतिथि निवास को इस आशय से प्रेषित है कि वे उपर्युक्त के सन्दर्भ में जलपान इत्यादि की व्यस्था करवाने का कष्ट करें।
10. संबंधित पत्रावली

( सुच्चा सिंह )
सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )

दिनांक 28 सितम्बर,2021 को ऑनलाइन के माध्यम से साक्षात्कार हेतु विश्वविद्यालयीय प्रत्येक पीठ के संबंधित विभागों की समय-सारिणी निम्नप्रकार निर्धारित की गई है :-

**( क ) साहित्य एवं संस्कृति पीठ    दिनांक 28 सितम्बर,2021**

| विभाग का नाम/ विषय | अभ्यर्थियों की संख्या | समय-सारिणी |
|---|---|---|
| 1) साहित्य ( दो पृथक्-पृथक् समिति द्वारा साक्षात्कार ) | 78 | प्रात: 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक अपराह्ण 2:00 से सायं 5:00 बजे तक |
| **विभाग का नाम/ विषय** | **अभ्यर्थियों की संख्या** | **समय-सारिणी** |
| 2) प्राकृत | 08 | प्रात: 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक |

**( ख ) दर्शनशास्त्र-पीठ    दिनांक 28 सितम्बर,2021**

| विभाग का नाम/ विषय | अभ्यर्थियों की संख्या | समय-सारिणी |
|---|---|---|
| 1) विशिष्टाद्वैतवेदान्त | 06 | प्रात: 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 2) जैनदर्शन | 17 | प्रात: 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक अपराह्ण 2:00 से सायं 3:00 बजे तक |
| 3) न्यायवैशेषिक (नव्य न्याय एवं प्राचीन न्याय) | 06 | प्रात: 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 4) सर्वदर्शन | 23 | प्रात: 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक अपराह्ण 2:00 से सायं 5:00 बजे तक |

**( ग )वेद-वेदांग-पीठ    दिनांक 28 सितम्बर,2021**

| विभाग का नाम/विषय | अभ्यर्थियों की संख्या | समय-सारिणी |
|---|---|---|
| 1) व्याकरण (नव्य व्याकरण एवं प्राचीन व्याकरण) | 22 | प्रात: 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक अपराह्ण 2:00 से सायं 5:00 बजे तक |
| 2) फलितज्योतिष | 15 | प्रात: 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक |
| 3) सिद्धान्तज्योतिष | 06 | अपराह्ण 2:00 से दोपहर 3:00 बजे तक |
| 4) पौरोहित्य | 03 | अपराह्ण 10:00 से दोपहर 11:00 बजे तक |
| 5) वेद | 12 | प्रात: 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक अपराह्ण 2:00 से सायं 3:00 बजे तक |

पूर्व पृष्ठ से-

( घ ) शिक्षाशास्त्र-पीठ दिनांक 28 सितम्बर,2021

| विभाग का नाम/ विषय | अभ्यर्थियों की संख्या | समय-सारिणी |
|---|---|---|
| 1) शिक्षा | 10 | प्रात: 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक |

कुल अभ्यर्थी की संख्या 206

सहायक कुलसचिव ( शैक्षणिक )

for TE